# खाद्य प्रसंस्करण में होगा 125 करोड़ रुपये का निवेश

**राब्यू, जागरण, लखनऊ :** उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 के तहत खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं की स्थापना के काम में तेजी लाई जा रही है। शुक्रवार को अप्रेजल समिति ने 10 निवेश प्रस्तावों को राज्य स्तरीय एंपावर्ड कमेटी के समक्ष भेजने की संस्तुति की। इन परियोजनाओं में 125 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा की अध्यक्षता में हुई अप्रेजल समिति की बैठक में 12 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए थे। प्रस्तावों में सीतापुर, अंबेडकरनगर, शाहजहांपुर, लखनऊ, पीलीभीत, अलीगढ़, बरेली व मेरठ से एक–एक और सहारनपुर से दो प्रस्ताव हैं। बैठक में औरा एग्रोटेक गोरखपुर को कुक्कुट कैटिल फीड और जुपीटर फूड प्रोडक्ट्स इंडिया एटा को चिकोरी के प्रसंस्करण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।